प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण कीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति गवई को पद का शपथ दिलाई समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित कई गणमान्य उपस्थित थें

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आज चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मुलाकात कीं उन्होंने राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दीं सोशल मीडिया पर पोस्ट में राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की प्रशंसा की हैं उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को एक उल्लेखनीय सफलता बनाने में सशस्त्र बलों की बडी अहम भूमिका हैं

0000

डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया हैं कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डॉ. कुमार का कार्यकाल आयोग के अध्यक्ष के रूप में पद ग्रहण करने के साथ शुरू होगां डॉ. कुमार एक सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं वे अगस्त 2019 से अक्टूबर 2022 तक रक्षा सचिव के रूप में भी कार्यरत रहें

0000

सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार साव आज सुबह पंजाब लौटें 23 अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद पूर्णम कुमार को पाकिस्तानी रेंजरों ने गिरफ्तार कर लिया थां सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने उनकी वापसी की पुष्टि की हैं सूत्रों ने कहा कि उन्हें अमृतसर के अटारी संयुक्त सीमा चौकी के जरिए सुपुर्द किया गया हैं उन्हें सौंपने का काम शांतिपूर्ण और प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया हैं गिरफ्तार किए जाने के दौरान वे सीमा बाड़ के पास काम कर रहे थें वे किसानों की रक्षा करने वाली टीम का हिस्सा थें

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम इस महीने के अंत तक आने की संभावना हैं बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि नतीजे जारी करने की प्रकिया शुरू हो गई हैं बारहवीं का परिणाम लगभग तैयार हो चुका है, वहीं, दसवीं के लिए अभी मूल्यांकन का अंतिम चरण चल रहा हैं

0000

बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 43 पदकों के साथ राजस्थान पदक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ हैं इनमें 20 स्वर्ण, 9 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं साईक्लिंग में राजस्थान के खिलाडियों ने 9 स्वर्ण पदक हासिल किये हैं वहीं शूटिंग में 3, जूडो, एथलेटिक्स और योग में दो–दो स्वर्ण पदक जीते हैं साथ ही एक–एक गोल्ड मेडल फेंसिंग और वेटलिफ्टिंग में जीता हैं चार मई से शुरू हुए इन खेलों का आज ग्यारहवां दिन हैं प्रतियोगिता में आज एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, जिम्नास्टिक, तलवारबाजी और कुश्ती सहित विभिन्न खेलों में 45 स्वर्ण पदक दांव पर हैं यूथ गेम्स का कल समापन होगां

0000

प्रदेश में आज बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में आंधी चलने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना हैं मौसम विभाग के अनुसार कल से बीकानेर और श्रीगंगानगर जिलों में हीट वेव का नया दौर शुरू होगां इस दौरान अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच पंहुचने की संभावना हैं वहीं राज्य के पूर्वी भागों में कल से मौसम के शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हो सकती हैं इससे पहले कल कई स्थानों पर आंधी के साथ बरसात हुई और कहीं–कहीं ओले गिरें पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक 43 डिग्री सेल्सियस तापमान बीकानेर में दर्ज किया गयां

0000

उत्तराखंड में आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा आज नैनीताल जिले के काठगोदाम से शुरू हो रही हैं कुमाऊं मंडल विकास निगम ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगीं इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता हैं वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगां

000